फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी महोदय मुकाम बायतु

हेमाराम वगैरा बनाम मगाराम वगैरा

किस्म मुकदमा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 नं. 178/19 सन 2019

तारीख हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्यस जज	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
07.06.19	प्रार्थीगण की ओर से वकील श्री कुम्भसिंह चौधरी द्वारा यह आवेदन धारा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत पेश किया गया जिसे दर्ज रजिस्टर किया गया। वकील प्रार्थीगण को अन्तरिम आदेश हेतु उनकी एकपक्षीय बहस को सुना गया। पत्रावली के संलग्न राजस्व रेकर्ड व दस्तावेजों का गम्भीरता पूर्वक अध्यनन किया गया। प्रार्थीगण व विप्रार्थीगण की सामलाती अविभाजित खातेदारी भूमि ग्राम उदरामणियों की ढाणी पटवार मण्डल पूनियों का तला तहसील गिड़ा में आई हुई है। राजस्व रेकर्ड के अनुसार प्रार्थीगण रेकर्डेड खातेदार है। प्रार्थीगण के अनुसार विप्रार्थीगण प्रार्थीगण के कब्जा काश्त में दखलअन्दाजी, हस्तक्षेप करने, भूमि का बैचान करने पर आमदा है और यदि ऐसा हो गया तो वाद बहुलता बढ़ेगी। प्रार्थीगण की एकपक्षीय बहस एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का गम्भीरता पूर्वक अध्ययन करने के पश्चात् सुविधा का सन्तुलन, अपूर्णीय क्षति एवं प्रथम दृष्टया मामला प्रार्थीगण के पक्ष का बनना प्रतीत होता है। अतः विप्रार्थीगण को आगामी पेशी तारीख 17/07/2019 तक जरिये अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा से पाबंद किया जाता है एवं अन्तरिम अस्थाई निषेधाज्ञा इस आशय की जारी की जाती है कि विवादित आराजी मौजा उदरामणियों की ढाणी पटवार मण्डल पूनियों का तला तहसील गिड़ा के खेत खसरा नम्बर 328, 327, 677 रकबा क्रमशः 343.04, 04.08, 25.18 बीघा की भूमि में प्रार्थीगण के कब्जे काश्त में विप्रार्थीगण किसी प्रकार की दखलअन्दाजी, हस्तक्षेप, बाधा कारित नहीं करें। न ही प्रार्थीगण के हक हिस्से की भूमि का बैचान करें। तथा उभय पक्ष वर्तमान रैकर्ड की यथास्थिति बनाये रखें। इसी माफिक उभय पक्षकारान् पाबन्द रहे। विप्रार्थीगणों को स्थगन नोटिस जारी होकर मिसल वास्ते जवाब दिनांक 17/07/2019 को पेश हो। सहायक कलेक्टर (SDO) बायतु	

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.20 15:22:40 IST
Reason: SelfAttested

17/7/19

पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाए मुतदारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 26/8/2019 को पेश हो। ह

26/8/2019

पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाए मुतदारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 15/4/2020 को पेश हो। ह

15/4/2020

पत्रावली आज पेश हुई। वकुलाए मुतदारान उपस्थित। पीठासीन अधिकारी दिगर कार्यों में व्यस्त हैं। मिसल इल्तवा होकर दिनांक 9/9/2020 को पेश हो। ह

9/9/2020

प्रार्थी वकील उप० / प्रार्थी वकील द्वारा मूल वाद not press करने का निवेदन किया जा चुका है, इसलिए Not Press उक्त स्थगन आवेदन की आवश्यकता नहीं रहने के कारण पत्रावली इसी स्टेज पर खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार हो, इन्द्राज रजिस्टर से कम हो, दाखिल दफ्तर हो।

9/9/2020

विवेक व्यास
9.9.2020

Signature Not Verified

Digitally signed by Vivek Vyas
Date: 2020.11.20 15:22:40 IST
Reason: SelfAttested